# ग्लोबल अस्पताल अपना अस्पताल




ओम शान्ति

प्राण प्यारे बाप दादा की दिलतख्तनशीन, बापदादा समान रहमदिल,बेहद सेवाओं की निमित्त, गुरुभाई टिचर्स बहनों प्रति मधुबन ग्लोबल हॉस्पिटल से डॉ.प्रताप की स्नेह भरी यादप्यार स्विकार हो।

आप को यह बताते हुअे मुझे अत्यन्त हर्ष हो रहा है की इस वर्ष 24 अक्टुबर को ग्लोबल अस्पताल ने स्वास्थ सेवा के 22 वर्ष संपन्न किये! इतनी लंबी अवधी तक लगातार और गुणवत्ता पूर्वक कार्य को चलाना यह केवल बापदादा की आर्शिवाद और आप सब विशाल दिल वाली आत्माओं के सहयोग से ही संभव हो पाया है।

आज तक आप सभी ने समय समय पर जो सहयोग दिया उसके लिये आपका तहेदिल से धन्यवाद।

यह न्युज लेटर आप तक ग्लोबल हॉस्पिटल के द्वारा की जा रही सेवाओं को आप तक पहुँचाने का और आप से जुड़े रहने का एक प्रयास है।

ग्लोबल अस्पताल की सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिये हमें आपके सुझाव का ईन्तजार रहेगा।

धन्यवाद

ईश्वरीय सेवा में

डॉ.प्रताप मिड्ढा

## ग्लोबल हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर,माउण्ट आबू

## न्युज लेटर

1 5 Nov.2013

# प्रमुख सेवा समाचार

## ज्योईन्ट रिप्लेसमेन्ट सर्जरी

ग्लोबल अस्पताल के ज्योईन्ट रिप्लेसमेन्ट सर्जरी सुविधा का लाभ देश के ही नही बल्की विदेश के भी मरीजं लेते आ रहे है। प्रसिद्व ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ.नारायण खंडेलवाल और उनकी टिम ने ग्लोबल अस्पताल में 600 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण के सफल ऑपरेशन किये है।

ग्लोबल अस्पताल के जोड़ प्रत्यारोपण सुविधा का लाभ ज्यादातर मरीजों तक पहुँचे इस उद्देश को लेकर हमने भारत के प्रमुख शहरों में ब्रह्माकुमारी सेन्टर्स के सहयोग से परामर्श शिविरों का अयोजन करना प्रारंभ किया है। इस शृखंला में राजस्थान के पाली, बालोत्रा, गुजरात के पालनपुर, सिद्वपुर और बड़ोदा तथा छत्तिसगढ़ के रायपुर शहर में ब्रह्माकुमारी सेन्टर्स पर इन शिविरों का आयोजन किया गया। डॉ. नारायण खंडेलवाल ने स्वयं ईन स्थानोंपर उपस्थित होकर मरींजों को परामर्श दिया। इन में से कुछ मरीजों ने ग्लोबल अस्पताल में आकर सर्जरी करवा ली।



रायपुर ( छ. ग. ): नि:शुल्क परामर्श शिविर में मरीजों का परीक्षण करते हुए मुम्बई के मशहूर ज्वाइन्ट रिप्लेसमेन्ट सर्जन डॉ.नारायण खण्डेलवाल जी।

ग्लोबल हॉस्पिटल निम्नलिखित विशेषताओं के कारण देश के ही नही बल्की विदेश के भी अनेक मरीजों को जोडो के ऑपरेशन के लिये आकर्षित करते आ रहा हैः–

★ ग्लोबल अस्पताल में अमेरीकन जोड़ प्रत्यारोपण के साथ सबसे कम शुल्क का पैकेज उपलब्ध है ।

★ दोनों घुटनों की एक साथ ऑपरेशन करने की सुविधा उपलब्ध है ।

★ विश्व स्तरीय गुणवत्ता वाला ग्लोबल अस्पताल का ऑपरेशन थियेटर, अल्ट्राक्लीन लॅमीनर अेयर फलो (हेपाफिल्टर्स) टेक्नीक से सुसज्जीत है । ऑपरेशन थीयेटर उच्च स्तरीय होने के कारण इन्फैक्शन का प्रमाण आज तक शुन्य है ।

★ऑपरेशन में खास असेपटीक स्पेस सूट का इस्तमाल होता है ।

★ ऑपरेशन के पश्चात फिजियोथेरपी सुविधा हॉस्पिटल मे ही उपलब्ध है ।

★ प्रमुख ऑर्थोपेडीक सर्जन डॉ. नारायण खंडेलवाल और उनकी टीम को ग्लोबल अस्पताल मे 600 से ज्यादा जोड प्रत्यारोपण शल्य क्रिया करने का अनुभव प्राप्त है ।

# प्रमुख सेवा समाचार

अस्पताल में तथा दूरदराज के गाँवो में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन

- श्वास एलर्जी,खाँसी एवं दमा रोग जाँच शिविरः

इस शिविर में सिरोही,पाली तथा जालोर जिले से आये हुऐ 90
मरीजों ने लाभ लिया। मुम्बई के प्रख्यात चेस्ट फिजीशियन डाँ अगम व्होरा ने ग्लोबल हॉस्पिटल में अपनी सेवाए दी।



- जनरल सर्जरी कैंप्स का आयोजनः

सिरोही जिले के पिंडवाड़ा तथा रेवदर तहसिल के लुनोल गाँव में आयोजित दो शिविरों में हर्निया,पित्ताशय की पथरी,अपेंडिक्स आदी कें कुल 45 मरीजों को विशेषज्ञों के द्वारा निःशुल्क परामर्श दिया गया तथा ऑपरेशन योग्य गरीब मरीजों का ईलाज ग्लोबल अस्पताल में कम खर्चे में किया गया। शिविर में ग्लोबल अस्पताल के सर्जन डॉ.सोमेन्द्रमोहन शर्मा तथा डॉ. अशोक मनचंदा ने अपनी विशेष सेवाए दी।



- श्रवण दोष, बहीरा पन जाँच शिविर

उमर बढने के साथ बहरापन,श्रवण शक्ति खोना,सुनने की शक्ति कम होना, अस्पष्ट सुनाई देना ई. समस्या का निदान करने के लिये आयोजित ईस शिविर में 65 मरींजों ने लाभ लिया। शिविर में कम्पुटर से श्रवण क्षमता मापने की 400रू की जॉच बिलकुल मुफत की गयी तथा श्रवण यंत्र भी रियायती दरों पर उपलब्ध किये गये।



# प्रमुख सेवा समाचार

अस्पताल में तथा दूरदराज के गाँवो में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन

- सिरोही में पेन्शनर्स समाज के वरीष्ठ नागरीकों के लिये शिविर का आयोजन।

सिरोही शहर में पेन्शनर्स समाज के वरीष्ठ नागरीकों के लिये कान नाक गला तथा चर्म रोग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 90 कान के तथा 50 चर्म रोग के मरीजों को निःशुल्क परामर्श दिया गया।

- युरोलॉजी कैम्प का आयोजनः



ग्लोबल अस्पताल में समय समय पर मुत्र तथा पेशाब संम्बन्धी रोगों का चिकित्सा शिविर लगाया जाता आ रहा है। ईस शिविर में गुर्दे की पथरी, प्रोस्टेट आदी के ऑपरेशन दूरबिंन विधी से किये जाते है। हाल ही में हुये कैम्प में अहमदाबाद के प्रसिद्ध युरोलॉजीस्ट डॉ.दर्शन शहा के द्वारा 8 मरीजों की सर्जरी की गयी।

# कैन्सर सर्जरी शिविर का आयोजन

# कैन्सर सर्जरी सुविधा

रविवार दिनांक 24 नव्हेंबर 2013, ऑपरेशन दिनांक 25,26,27,28 नव्हेंबर 2013

मुम्बई के विश्वविख्यात कैन्सर सर्जन डॉ. अशोक मेहता (MS, FRCS (GLASGOW), FICS) के द्वारा परामर्श और सर्जरी।

(डॉ.अशोक मेहता वर्तमान में बि.एस.ई.एस.एम.जी.हॉस्पिटल,मुम्बई के मेडिकल डिरेक्टर है। डॉ. अशोक मेहता टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल के हेड ॲण्ड नेक कैन्सर विभाग के प्रमुख रह चुके है और उन्होने जसलोक हॉस्पिटल,मुम्बई में भी बतौर कैन्सर सर्जन अपनी सेवाए दी है। वे डॉ. बालाभाई नानावटी हॉस्पिटल,मुम्बई के कैन्सर विभाग के प्रमुख तथा लिलावती हॉस्पिटल मुम्बई के प्रमुख कैन्सर सर्जन है रह चुके है। )

इस सुविधा का लाभ हर तरह के कैंन्सर के मरीज ले सकते है। उदाः मुँह व गले के कैंसर, स्थन कॅन्सर, गर्भाशय कैंन्सर, पेट के कैन्सर, ई।

(मरीज अपनी पुरानी जॉच रिपोर्ट साथ लेकर आए।)

नोटः परामर्श निःशुल्क रहेगा, ऑपरेशन योग्य गरीब/निःसहाय मरीजों का रियायती दरोंपर ईलाज।

रिजिस्ट्रेशन के लिये संपर्क करेः 9413775349

ग्लोबल हॉस्पिटल से संम्बन्धित कोई भी जानकारी के लिये संपर्क करेः 09413775349 पर या ई मेल करेः ghrchps@gmail.com